# 2018 (A)

# सामाजिक विज्ञान

## प्रथम पाली (First Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट ] [ पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. उत्तर देते समय परीक्षार्थी यथासंभव शब्द-सीमा का ध्यान रखें।
4. इस प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।
6. **खण्ड-अ** में 40 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR-शीट में दिए गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पत्रिका में प्रयोग करना मना है, अथवा परीक्षा अमान्य होगा।
7. **खण्ड-ब** में सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत कुल 5 विषयों के 19 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। (प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।)

   इतिहास में कुल 5 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 1 से 5) हैं जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।
   राजनीति विज्ञान में कुल 3 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 7 से 9) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।
   अर्थशास्त्र में कुल 3 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 10 से 13) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।
   भूगोल में कुल 5 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 15 से 19) हैं जिनमें से किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।
   आपदा प्रबंधन में कुल 3 प्रश्न (प्रश्न-संख्या 21 से 23) हैं जिनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर दें।
   इनके अतिरिक्त, इस खण्ड में 4 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 6, 10, 14 एवं 20) दिए गए हैं। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।
   प्रत्येक प्रश्न के लिए विकल्प (अथवा के रूप) में एक और प्रश्न दिया गया है।

## खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

**प्रश्न-संख्या 1 से 40 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR-शीट पर चिन्हित करें।** 40 × 1 = 40

**1. वोल्शेविक क्रांति कब हुई?**

(A) फरवरी, 1917 (B) नवम्बर, 1917 (C) अप्रैल, 1917 (D) जुलाई, 1905

**2. हिन्द-चीन पहुँचने वाले प्रथम व्यापारी कौन थे?**

(A) अंग्रेज (B) फ्रांसीसी (C) पुर्तगाली (D) डच

**3. असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव, काँग्रेस के किस अधिवेशन में पारित हुआ?**

(A) सितम्बर 1920, कलकत्ता (B) अक्टूबर 1920, अहमदाबाद
(C) नवम्बर 1920, फैजपुर (D) दिसम्बर 1920, नागपुर

**4. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना कब और किसने की?**

(A) 1923, गुरु गोलवलकर (B) 1925, के॰ बी॰ हेडगेवर
(C) 1926, चितरंजन दास (D) 1928, लालचंद

**5. इंग्लैंड में सभी स्त्री एवं पुरुषों को वयस्क मताधिकार कब प्राप्त हुआ?**

(A) 1838 (B) 1881 (C) 1918 (D) 1932

**6. कौन-सा सामाजिक वर्ग बुद्धिजीवी वर्ग के रूप में उभर कर आया?**

(A) उद्योगपति वर्ग (B) पूँजीपति वर्ग
(C) श्रमिक वर्ग (D) मध्यम वर्ग

A ONLINE SOLUTION

7. प्राचीनकाल में किस स्थल मार्ग से एशिया और यूरोप का व्यापार होता था?
(A) सूती मार्ग (B) रेशम मार्ग (C) उत्तरा पथ (D) दक्षिण पथ

8. आर्थिक संकट के कारण यूरोप में कौन-सी नई शासन प्रणाली का उदय हुआ?
(A) साम्यवादी शासन प्रणाली (B) लोकतांत्रिक शासन प्रणाली
(C) फासीवादी नाजीवाद शासन (D) पूँजीवादी शासन प्रणाली

9. किस पत्र ने रातों-रात वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट से बचने के लिए अपनी भाषा बदल दी?
(A) हरिजन (B) भारत मित्र
(C) अमृत बाजार पत्रिका (D) हिन्दुस्तान रिव्यू

10. किसने कहा, ''मुद्रण ईश्वर की दी गई महानतम् देन है, सबसे बड़ा तोहफा''?
(A) महात्मा गाँधी (B) मार्टिन लूथर (C) पैगंबर मुहम्मद (D) ईसा मसीह

11. सोपानी कृषि किस राज्य में प्रचलित है?
(A) हरियाणा (B) पंजाब (C) बिहार (D) उत्तराखण्ड

12. प्राणियों के शरीर में कितना प्रतिशत जल की मात्रा निहित होती है?
(A) 55% (B) 60% (C) 65% (D) 70%

13. वन संरक्षण एवं प्रबंधन की दृष्टि से वनों को कितने वर्गों में वर्गीकृत किया गया है?
(A) 4 वर्गों में (B) 3 वर्गों में
(C) 5 वर्गों में (D) इनमें से कोई नहीं

14. एक एन०जी०ओ० की वानिकी रिपोर्ट के अनुसार 1948 में विश्व में कितने हेक्टेयर भूमि पर वन का विस्तार था?
(A) 600 करोड़ हेक्टेयर में (B) 400 करोड़ हेक्टेयर में
(C) 800 करोड़ हेक्येयर में (D) 500 करोड़ हेक्टेयर में

15. एक टन इस्पात बनाने में कितने मैंगनीज का उपयोग होता है?
(A) 5 किग्रा (B) 10 किग्रा (C) 15 किग्रा (D) 20 किग्रा

16. कोयले का सर्वोत्तम प्रकार कौन-सा है?
(A) एन्थ्रेसाइट (B) पीट (C) लिग्नाइट (D) बिटुमिनस

17. इनमें से कौन-सा उपभोक्ता उद्योग है?
(A) पेट्रो रसायन (B) लौह-इस्पात (C) चीनी उद्योग (D) चितरंजन लोकोमोटिव

18. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किस वर्ष किया गया था?
(A) 1986 (B) 1988 (C) 1989 (D) 1985

19. पाइराइट किस प्रकार का खनिज है?
(A) धात्विक (B) अधात्विक (C) परमाणु (D) ईंधन

20. 2001 की जनगणना के अनुसार बिहार की नगरीय आबादी है
(A) 20.5 प्रतिशत (B) 15.5 प्रतिशत (C) 10.5 प्रतिशत (D) 25.5 प्रतिशत

21. निम्नलिखित व्यक्तियों में से कौन लोकतंत्र में रंगभेद के विरोधी नहीं थे?
(A) किंग मार्टिन लूथर (B) महात्मा गाँधी
(C) ओलंपिक धावक टोमी स्मिथ एवं जॉन कार्लोस (D) जेड गुडी

22. सांप्रदायिक राजनीति किस धारणा पर आधारित है?
(A) एक धर्म दूसरे धर्म से श्रेष्ठ है।
(B) विभिन्न धर्मों के लोग समान नागरिक के रूप में खुशी-खुशी साथ रहते हैं।
(C) एक धर्म के अनुयायी एक समुदाय बनाते हैं।
(D) एक धार्मिक समूह का प्रभुत्व अन्य सभी धर्मों पर कायम रखने में शासन की शक्ति का प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

A ONLINE SOLUTION

23. संघ सरकार का उदाहरण है

(A) अमेरिका (B) चीन (C) ग्रेट ब्रिटेन (D) इनमें से कोई नहीं

24. भारतीय लोकतंत्र में सत्ता के विरुद्ध जन आक्रोश किस दशक से प्रारंभ हुआ?

(A) 1960 के दशक से (B) 1970 के दशक से

(C) 1980 के दशक से (D) 1990 के दशक से

25. "चिपको आन्दोलन" निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) पेड़ बचाने से (B) आर्थिक शोषण की मुक्ति से

(C) शराबखोरी के विरुद्ध आवाज से (D) काँग्रेस पार्टी के विरोध से

26. "ताड़ी विरोधी" आंदोलन निम्नलिखित में से किस प्रान्त में शुरू किया गया?

(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश (C) आन्ध्र प्रदेश (D) तमिलनाडु

27. राजनीतिक दलों की नींव सर्वप्रथम किस देश में पड़ी?

(A) ग्रेट ब्रिटेन (B) भारत (C) फ्रांस (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

28. गठबंधन की सरकार बनाने की महानतम संभावना किस प्रकार की दलीय व्यवस्था में रहती है?

(A) एकदलीय व्यवस्था (B) द्विदलीय व्यवस्था

(C) बहुदलीय व्यवस्था (D) इनमें से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय दल नहीं है?

(A) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (B) बहुजन समाज पार्टी

(C) लोक जनशक्ति पार्टी (D) भारतीय जनता पार्टी

30. इनमें से किस देश में मिश्रित अर्थव्यवस्था है?

(A) अमेरिका (B) चीन (C) भारत (D) इनमें से कोई नहीं

31. इनमें से किसे पिछड़ा राज्य कहा जाता है?

(A) पंजाब (B) केरल (C) बिहार (D) दिल्ली

32. शेयर बाजार की नियामक संस्था है

(A) SIDBI (B) SEBI

(C) RBI (D) STOCK EXCHANGE

33. इनमें से कौन संस्थागत वित्त का साधन है?

(A) व्यापारी (B) रिश्तेदार

(C) व्यावसायिक बैंक (D) महाजन

34. भारत की वित्तीय राजधानी किस शहर को कहा गया है?

(A) मुम्बई (B) दिल्ली (C) पटना (D) बेंगलुरू

35. इसमें से कौन एक बीमारू राज्य नहीं है?

(A) बिहार (B) मध्यप्रदेश (C) कर्नाटक (D) ओडीशा

36. वैश्वीकरण के मुख्य अंग कितने हैं?

(A) एक (B) दो (C) पाँच (D) चार

37. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की घोषणा कब हुई?

(A) 1986 (B) 1980 (C) 1987 (D) 1988

38. स्वर्णभूषणों की परिशुद्धता को सुनिश्चित करने के लिए किस मान्यता प्राप्त चिह्न का होना आवश्यक है?

(A) ISI मार्क (B) हॉलमार्क (C) एगमार्क (D) इनमें से कोई नहीं

39. नदियों में बाढ़ आने का प्रमुख कारण क्या है?

(A) जल की अधिकता (B) वर्षा की अधिकता

(C) नदी की तली में अवसाद का जमाव (D) इनमें से कोई नहीं

A ONLINE SOLUTION

40. भूकम्प संभावित क्षेत्रों में भवनों की आकृति कैसी होनी चाहिए?

(A) अंडाकार (B) त्रिभुजाकार (C) चौकोर (D) आयताकार

## खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

## इतिहास (History)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें।** 3×2 = 6

1. अमेरिका हिन्द-चीन में कैसे दाखिल हुआ, चर्चा करें।
2. बिहार के किसान आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखें।
3. औद्योगीकरण ने मजदूरों की आजीविका को किस तरह प्रभावित किया?
4. शहरों के उद्भव में मध्यम वर्ग की भूमिका किस प्रकार की रही?
5. भूमंडलीकरण के भारत पर प्रभावों को स्पष्ट करें।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इनमें एक विकल्प भी है।** 4×1 = 4

6. राष्ट्रपति निक्सन के हिन्द-चीन में शांति के संबंध में पाँच सूत्री योजना क्या थी? इसका क्या प्रभाव पड़ा?

अथवा,

प्रथम विश्वयुद्ध के भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के साथ अन्तर्संबंधों की विवेचना करें।

## राजनीति विज्ञान (Political Science)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 7 से 9 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें।** 2×2 = 4

7. भारत की संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति क्या है?
8. सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र में क्या महत्त्व रखती है?
9. गठबंधन की राजनीति कैसे लोकतंत्र को प्रभावित करती है?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 10 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इनमें एक विकल्प भी है।** 4×1 = 4

10. राजनीतिक दलों को ''लोकतंत्र का प्राण'' क्यों कहा जाता है?

अथवा,

परिवारवाद और जातिवाद बिहार में किस तरह लोकतंत्र को प्रभावित करता है?

## अर्थशास्त्र (Economics)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 11 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें।** 2×2 = 4

11. ''राष्ट्रीय आय'' की गणना में होने वाली कठिनाइयों का वर्णन करें।
12. ATM (ए॰टी॰एम॰) क्या है?
13. आधारभूत संरचना किसे कहते हैं?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 14 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इनमें एक विकल्प भी है।** 4×1 = 4

14. राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान किसे कहते हैं? इसे कितने भागों में बाँटा जाता है? वर्णन करें।

अथवा,

उपभोक्ता के कौन-कौन से अधिकार हैं? प्रत्येक अधिकार को सोदाहरण लिखें।

## भूगोल (Geography)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें।** 3×2 = 6

15. जलोढ़ मृदा के विस्तार वाले राज्यों के नाम बताएँ। इस मृदा में कौन-कौन सी फसलें लगायी जा सकती हैं?

A ONLINE SOLUTION

16. वन के पर्यावरणीय महत्त्व का वर्णन कीजिए।
17. परमाणु-शक्ति किन-किन खनिजों से प्राप्त होती है?
18. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को सोदाहरण सहित वर्गीकृत कीजिए।
19. सोन-नदी घाटी परियोजना से उत्पादित जल विद्युत का वर्णन कीजिए।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 20 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है, जो अनिवार्य है, इनमें एक विकल्प भी है।** 4 × 1 = 4

20. बिहार के प्रमुख ऊर्जा स्रोतों का वर्णन कीजिए और किसी एक स्रोत का विस्तृत वर्णन कीजिए।

**अथवा,**

उच्चावच-प्रदर्शन की प्रमुख विधियों का उल्लेख कीजिए।

## आपदा प्रबंधन (Digaster Management)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें।** 2 × 2 = 4

21. आपदा प्रबंधन की आवश्यकता क्यों है?
22. भूकंप और सुनामी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।
23. प्राकृतिक आपदा में उपयोग होने वाली किसी एक वैकल्पिक संचार माध्यम की चर्चा कीजिए।

## उत्तर (Answers)

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (B) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (D) | 7. (B) |
| 8. (D) | 9. (C) | 10. (B) | 11. (D) | 12. (C) | 13. (B) | 14. (B) |
| 15. (B) | 16. (A) | 17. (C) | 18. (A) | 19. (A) | 20. (C) | 21. (D) |
| 22. (A) | 23. (A) | 24. (B) | 25. (A) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (C) |
| 29. (C) | 30. (C) | 31. (C) | 32. (D) | 33. (C) | 34. (A) | 35. (C) |
| 36. (C) | 37. (A) | 38. (B) | 39. (B) | 40. (D) | | |

### खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. हिन्द-चीन में साम्यवादियों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए और रूस द्वारा साम्यवादियों को समर्थन देने के करण ही अमेरिका ने हिन्द-चीन में प्रवेश किया, जबकि अमेरिका पहले से ही फ्रांस का समर्थन कर रहा था। इस तरह अमेरिका ने हिन्द-चीन में हस्तक्षेप (प्रवेश) करने की नीति अपनाई।

2. 1922–23 में शाह मुहम्मद जुबैर ने मुंगेर में किसान सभा का गठन किया। बिहार में किसान आंदोलन को स्वामी सहजानंद ने प्रभावी बनाया। 1928 में उन्होंने बिहटा में तथा 1929 में सोनपुर में किसान सभा की स्थापना की। पहली सितंबर 1936 को बिहारसहित समूचे देश में किसान दिवस मनाया गया। किसानों ने बकाश्त आंदोलन भी चलाया। किसान जमींदारी शोषण, बेगारी की समाप्ति एवं लगान में कमी की माँग कर रहे थे।

3. 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 5 का उत्तर देखें।

4. पूँजीपति एवं श्रमिक वर्ग के साथ-साथ शहरों में मध्यम वर्ग का भी उदय और विकास हुआ। ये नए सामाजिक समूह के रूप में उभरे। इस समूह में बुद्धिजीवी, नौकरीपेशा समूह, राजनीतिज्ञ, चिकित्सक, व्यापारी प्रमुख थे। व्यावसायिक वर्ग नगरों के विकास का प्रमुख कारण बना जिससे शहरों को नया सामाजिक-आर्थिक स्वरूप प्राप्त हुआ। बुद्धिजीवी एवं राजनीतिक वर्ग ने नया राजनीतिक-सामाजिक चिंतन दिया तथा विभिन्न आंदोलनों को दिशा एवं नेतृत्व प्रदान किया।

5. भारत पर भूमंडलीकरण का प्रभाव जीविकोपार्जन और आर्थिक क्षेत्र में व्यापक रूप से पड़ा है। इसका प्रभाव सेवा क्षेत्र, बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र, पर्यटन उद्योग, सूचना और संचार के क्षेत्र में सर्वाधिक पड़ा है। इसने बेरोजगारी को कम किया है तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। नागरिकों का जीवन-स्तर भी बढ़ा है।

A ONLINE SOLUTION

**6.** वियतनामी गृहयुद्ध में अमेरिका की भागीदारी को लेकर उसकी कटु आलोचना हो रही थी। इसलिए, 1965 से ही शांति वार्ता के प्रयास होने लगे थे, परंतु वे विफल रहे। माई ली की घटना के बाद आलोचना और दबाव से विवश होकर निक्सन ने 1970 में पाँच-सूत्री प्रस्ताव (योजना) प्रस्तुत किया। इसके अनुसार,

(i) हिंदचीन में सभी पक्षों को युद्ध-विराम करते हुए यथापूर्व स्थिति बनाए रखनी थी।
(ii) अंतरराष्ट्रीय प्रेक्षकों और संबद्ध देशों को देखना था कि युद्ध-विराम का उल्लंघन नहीं हो।
(iii) युद्ध-विराम के दौरान कोई देश अपनी शक्ति बढ़ाने का प्रयास नहीं करेगा।
(iv) युद्ध-विराम के दौरान सभी प्रकार की लड़ाइयाँ, बमबारी और आतंकी कार्रवाइयाँ बंद रहेंगी।
(v) युद्ध-विराम का अंतिम लक्ष्य समस्त हिंदचीन में संघर्ष का अंत होना चाहिए।

निक्सन की यह योजना स्वीकार्य नहीं थी, अतः इसे अस्वीकृत कर दिया गया। अमेरिकी सेना ने पुनः बमबारी आरंभ कर दी। 1972 में निक्सन ने आठ-सूत्री योजना प्रस्तुत की।

**अथवा,**

प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान अनेक महत्त्वपूर्ण घटनाएँ घटीं जिनका भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन पर व्यापक प्रभाव पड़ा।

(i) भारतीय नेताओं ने सरकार को युद्ध में स्वराज-प्राप्ति की आशा में सहयोग दिया, परंतु ऐसा हुआ नहीं। इससे राष्ट्रवादी गतिविधियाँ बढ़ीं।
(ii) सरकार की आर्थिक नीतियों की व्यापक प्रतिक्रिया हुई।
(iii) सरकार को युद्ध में व्यस्त पाकर क्रांतिकारियों ने अपनी गतिविधियाँ बढ़ा दीं।
(iv) भारतीयों में बढ़ते असंतोष को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने संवैधानिक सुधारों की घोषणा की।
(v) विश्वयुद्ध के दौरान भारतीय राष्ट्रवादी स्वराज-प्राप्ति और हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने हेतु प्रयासशील थे। एनीबेसेंट और तिलक ने गृह शासन की माँग के लिए वातावरण तैयार किया।

**7.** 2013 (A) के प्रश्न-संख्या 20 का उत्तर देखें।

**8.** 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 19 का उत्तर देखें।

**9.** जब किसी लोकतांत्रिक राज्य में आम चुनाव सम्पन्न होता है और किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता तो सरकार बनाने के लिए छोटी-छोटी क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा आपस में गठबंधन किया जाता है। गठबंधन में शामिल राजनीतिक दल अपनी आकांक्षाओं और लाभों की संभावनाओं के मद्देनजर ही गठबंधन करने के लिए प्रेरित होते हैं, जिससे प्रशासन पर सरकार की पकड़ ढीली हो जाती है। गठबंधन सरकार के माध्यम से क्षेत्रीय माँगों को पूरा करने में मदद मिलती है।

**10.** 2014 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 19 का उत्तर देखें।

**अथवा,**

2014 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 19 (अथवा) का उत्तर देखें।

**11.** 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 26 का उत्तर देखें।

**12.** 2012 (A) के प्रश्न-संख्या 42 का उत्तर देखें।

**13.** 2016 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 24 का उत्तर देखें।

**14.** राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ वे हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर वित्त प्रबंधन तथा साख अथवा ऋण के लेन-देन का कार्य करती हैं। इन वित्तीय संस्थाओं को प्रायः दो वर्गों में विभाजित किया जाता है—मुद्रा बाजार की वित्तीय संस्थाएँ तथा पूँजी बाजार की वित्तीय संस्थाएँ। मुद्रा बाजार की वित्तीय संस्थाएँ साख या ऋण का अल्पकालीन लेन-देन करती हैं। इसके विपरीत, पूँजी बाजार की संस्थाएँ उद्योग तथा व्यापार की दीर्घकालीन साख की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।

मुद्रा बाजार की वित्तीय संस्थाओं में बैंकिंग संस्थाएँ सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं। भारतीय बैंकिंग प्रणाली के शीर्ष पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया है। यह देश की संपूर्ण बैंकिंग व्यवस्था का नियमन एवं नियंत्रण

A ONLINE SOLUTION

करता है। व्यावसायिक बैंकों का मुख्य कार्य जनता की बचत को जमा के रूप में स्वीकार करना तथा उद्योग एवं व्यवसाय को उत्पादक कार्यों के लिए अल्पकालीन ऋण प्रदान करना है।

वित्तीय संस्थाओं में पूँजी बाजार की संस्थाएँ भी महत्त्वपूर्ण हैं। मुद्रा बाजार की संस्थाएँ उद्योग एवं व्यापार की अल्पकालीन साख की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। इनकी दीर्घकालीन साख या पूँजी की व्यवस्था पूँजी बाजार से होती है। पूँजी बाजार वह है जिसमें व्यावसायिक संस्थानों के हिस्सों तथा ऋण-पत्रों का क्रय-विक्रय होता है। पूँजी बाजार के दो मुख्य अंग हैं—प्राथमिक बाजार तथा द्वितीयक बाजार।

**अथवा,**

2017 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 27 (अथवा) का उत्तर देखें।

**15.** 2017 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 14 का उत्तर देखें।

**16.** 2014 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर देखें।

**17.** परमाणु शक्ति के प्रमुख स्रोत हैं—यूरेनियम, थोरियम, ऐंटिमनी, इल्मेनाइट (टाइटेनियम) आदि।

**18.** स्वामित्व के आधार पर उद्योग पाँच प्रकार के होते हैं—

(i) निजी क्षेत्र के उद्योग, जैसे—जमशेदपुर का लोहा-इस्पात कारखाना

(ii) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग, जैसे—भेल, सेल, एच॰ई॰सी॰

(iii) संयुक्त क्षेत्र के उद्योग, जैसे—ऑयल इंडिया लिमिटेड

(iv) सहकारी क्षेत्र के उद्योग, जैसे—दक्षिण भारत की अधिकतर चीनी मिलें

**19.** सोन नदी-घाटी बहूद्देश्यीय परियोजना के अन्तर्गत जल विद्युत उत्पादन के लिए शक्ति गृहों की स्थापना की गई है। पश्चिमी नहर पर डेहरी (रोहतास) के पास 6.6 मेगावाट उत्पादन क्षमता का शक्ति गृह स्थापित है। पूर्वी नहर शाखा पर वारुण (औरंगाबाद) नामक स्थान पर 3.3 मेगावाट क्षमता का शक्ति गृह है। सोन नदी पर इन्द्रपुरी के पास एक बाँध के निर्माण का प्रस्ताव भी है इससे 450 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन का लक्ष्य है। सोन नहर से ही कुछ और जल विद्युत उत्पादन की योजना प्रस्तावित है।

**20.** बिहार ऊर्जा के क्षेत्र में एक पिछड़ा राज्य है। फलतः इस क्षेत्र में इसे देश के दूसरे राज्यों से सहयोग लेना पड़ता है। यहाँ के ऊर्जा स्रोतों को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है—(i) परम्परागत ऊर्जा स्रोत और (ii) गैर-परम्परागत ऊर्जा के स्रोत।

**परम्परागत ऊर्जा स्रोतों** के अन्तर्गत तापीय विद्युत और जल विद्युत सम्मिलित हैं। बिहार में कई तापीय विद्युत केन्द्र हैं। इनमें कहलगाँव (भागलपुर), काँटी (मुजफ्फरपुर) और बरौनी (बेगूसराय) तापीय विद्युत केन्द्र प्रमुख हैं। कहलगाँव एवं काँटी के लिए कोयला झारखण्ड राज्य के खानों से प्राप्त किया जाता है। बरौनी के लिए कच्चा माल और डीजल बरौनी तेल शोधक कारखाने से मिलता है। ये सभी नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के द्वारा संचालित हैं। कहलगाँव सुपर थर्मल पावर बिहार की सबसे बड़ी तापीय विद्युत परियोजना है, जिसकी स्थापना 1979 में की गई थी। इसकी उत्पादन क्षमता 840 मेगावाट है।

बिहार जल विद्युत परियोजना के विकास के लिए 1982 में बिहार राज्य जल विद्युत निगम का गठन किया गया। इसके द्वारा 2055 मेगावाट उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में जल विद्युत उत्पादन करने के लिए अभी चार योजना कार्यरत हैं। इनसे मात्र 44.10 मेगावाट जल विद्युत का उत्पादन होता है। इन योजनाओं में डेहरी (रोहतास) में स्थित पश्चिमी सोन परियोजना, वारुण (औरंगाबाद) पूर्वी सोन लिंक नहर परियोजना, वाल्मिकीनगर (पश्चिमी चम्पारण) तथा कटैया परियोजना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त छः निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाएँ भी हैं जिनमें कलेर (अरवल), अगनूर बगहा (पं॰ चम्पारण), ओबरा (औरंगाबाद) तेजपुर डेहरी (रोहतास) का डेलबाग, नासरीगंज (रोहतास), नोरवा (रोहतास) का जयनगर जल विद्युत परियोजनाएँ हैं।

**अथवा,**

मानचित्र पर उच्चावच प्रदर्शन की अनेक विधियाँ हैं, जिनमें प्रमुख विधियाँ निम्नांकित हैं—

(i) **हैश्यूर विधि :** उच्चावच निरूपण के लिए इस विधि के अन्तर्गत मानचित्र में छोटी, महीन एवं खंडित रेखाएँ ढाल की दिशा अथवा जल बहने की दिशा में खींची जाती हैं। खड़ी ढाल प्रदर्शित करने के

A ONLINE SOLUTION

लिए अधिक छोटी, मोटी एवं एक-दूसरे से सटी हुई रेखाएँ बनाई जाती हैं। मंद ढालों के लिए ये रेखाएँ पतली एवं दूर-दूर बनाई जाती हैं। समतल क्षेत्र को खाली छोड़ दिया जाता है।

(ii) **पर्वतीय छायांकन विधि :** इस विधि के अन्तर्गत प्रकाश और छाया की मदद ली जाती है। धरातल के ऊपर प्रकाश पड़ने से जो छायाचित्र उभरता है उसी के अनुसार विभिन्न रंगों से उसे छायांकित किया जाता है।

(iii) **तल चिह्न विधि :** वास्तविक सर्वेक्षण द्वारा किसी स्थान की समुद्र तल से मापी गई ऊँचाई को प्रदर्शित करने वाले चिह्न को **तल चिह्न** कहा जाता है। मानचित्र पर ऐसे ऊँचाई को प्रदर्शित करने के लिए ऊँचाई फीट या मीटर किसी एक इकाई में लिखा जाता है।

(iv) **स्थानिक ऊँचाई विधि :** तल चिह्न की मदद से किसी स्थान-विशेष की मापी गई ऊँचाई को स्थानिक ऊँचाई कहा जाता है। इस विधि में बिन्दुओं द्वारा मानचित्र में विभिन्न स्थानों की ऊँचाई संख्या में लिख दिया जाता है।

(v) **स्तर-रंजन विधि :** यह एक विस्तृत क्षेत्र के उच्चावच विवरण को दिखाने की साधारण विधि है। इस विधि से धरातल का चित्रण करने में विभिन्न रंगों का प्रयोग किया जाता है।

(vi) **त्रिकोणमितीय स्टेशन विधि :** उच्चावच प्रदर्शन की इस विधि में मानचित्र में त्रिकोणमितीय स्टेशन की स्थिति को एक त्रिभुज द्वारा दिखाया जाता है। इस त्रिभुज के नजदीक उस स्टेशन की धरातल पर समुद्र तल से ऊँचाई लिख दी जाती है।

(vii) **समोच्च रेखा विधि :** समोच्च रेखा मानचित्र पर खींची गई वह काल्पनिक रेखा है जो समुद्र तल से समान ऊँचाई वाले स्थानों को मिलाती है। इन रेखाओं को क्षेत्र में सम्पन्न किए गए वास्तविक सर्वेक्षण के आधार पर खींची जाती है।

**21.** आपदा-प्रभावित लोगों को राहत और पुनर्वास के लिए आपदा प्रबंधन की आवश्यकता है।

**22.** भूकम्प और सुनामी में निम्नलिखित अन्तर है—(i) कम्पन का केन्द्र जब स्थल खण्ड पर होता है तो उसे भूकम्प कहते हैं। लेकिन जब कम्पन महासागर की तली पर होता है तब वह सुनामी के नाम से जाना जाता है। (ii) भूकम्प का कारण पृथ्वी की संतुलन अवस्था में अव्यवस्था का आना है। भूकम्प प्राय: कमजोर एवं अव्यवस्थित क्षेत्रों में ही आते हैं। जबकि सुनामी के प्रभाव से समुद्री जल में कंपन उत्पन्न होता है।

**23.** आपदाकाल में सामान्य संचार व्यवस्था के ध्वस्त होने पर निम्नलिखित वैकल्पिक संचार माध्यमों के द्वारा ही संचार व्यवस्था बहाल रखी जा सकती है।

**रेडियो :** इसमें विद्युत-चुंबकीय तरंगों का प्रयोग होता है। इसकी आवृत्ति उच्च होने के कारण यह दूर-दूर तक के स्थानों के बीच संबंध स्थापित करता है।

**हैम रेडियो :** इसमें विशिष्ट उच्च आवृत्तिवाले तरंगों का उपयोग होता है। इसे बैटरी या जेनेरेटर से चलाया जाता है। यह सैटेलाइट के सहारे ही संचार व्यवस्था करता है।

□

A ONLINE SOLUTION